NOT APPROVED

हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 4 मार्च, 2016/14 फाल्गुन, 1937 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 4

रैड क्रॉस सोसाइटी

1196 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में जिला कुल्लू की रैड क्रॉस सोसाइटी को विभिन्न स्रोतों व दान के रूप में कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा मदवार दें;

(ख) यह राशि किन-किन मदों पर खर्च की गई; ब्यौरा मदवार दें; और

(ग) रैड क्रॉस सोसाइटी के Bye-Laws की प्रति भी सभा पटल पर रखें?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नग्गर

1197 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र की पी0एच0सी0 नग्गर में चिकित्सकों, पैरा-मैडिकल स्टाफ व अन्य के कितने-कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा पदवार दें; और

(ख) इनमें से कितने पद भरे हुये हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

NOT APPROVED

तरेला औषधालय

1198 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तरेला में औषधालय के भवन निर्माण तथा रिक्त पदों को भरने हेतु क्या कदम उठाए हैं; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

1199 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने नागरिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप-स्वास्थ्य केन्द्र हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इन स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों, नर्सों, लैब टैक्नीशियन, ऑप्रेटर्ज, पुरूष/महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा केन्द्र का पदवार दें; और

(ग) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 17 फरवरी, 2016 . **सचिव।**